


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना



प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** | संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 3 | अंक : 45 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 15 जून से 21 जून 2023 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5


## औषधि निरीक्षक प्रशांत राजेंद्र रामटेके भंडारा को 15 हजार की रिश्वत लेते

### भंडारा एंटी करप्शन ने किया गिरफ्तार, गोंदिया के प्रभारी के रूप में करोड़ों की थी अवैध वसूली

**बुलंद गोंदिया।** भंडारा के अन्न औषधि विभाग के औषधि निरीक्षक प्रशांत राजेंद्र रामटेके 46 वर्ष को 15000 की रिश्वत लेते हुए 13 जून मंगलवार की रात 11:00 बजे भंडारा एंटी करप्शन विभाग द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार किया। रामटेके गोंदिया के प्रभारी औषधि निरीक्षक के रूप में रहते हुए करोड़ों रुपए की प्रतिवर्ष अवैध वसूली की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी भंडारा निवासी निजी चिकित्सक के भाई के पत्नी के नाम से कीर्ति मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में दवाई दुकान शुरू करने के लिए शिकायतकर्ता द्वारा अन्न व औषध प्रशासन भंडारा में आवेदन किया था। शिकायतकर्ता द्वारा दाखिल किये गए फार्मेसी के लाइसेंस के दस्तावेज में किसी भी प्रकार की खामी ना निकालते हुए उस को मंजूरी दी गई जिसके बदले में आरोपी औषधि निरीक्षक प्रशांत राजेंद्र रामटेके द्वारा फरियादी से 20000 के रिश्वत की मांग की थी। किन्तु फरियादी द्वारा रिश्वत न देने की मंशा लेते हुए इस मामले की शिकायत 13 जून को भंडारा एंटी करप्शन विभाग में की एंटी करप्शन विभाग द्वारा उपरोक्त मामले की जांच कर आपसी समझौते के तहत पंचों के समक्ष मंगलवार 13 जून की रात 11:00 बजे के दौरान एक निजी चिकित्सालय में 15000 की रिश्वत लेते हुए भंडारा एंटी करप्शन द्वारा आरोपी रामटेके को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी औषधि निरीक्षक प्रशांत राजेंद्र रामटेके के खिलाफ भंडारा पुलिस थाने भ्रष्टाचार प्रतिबंधक कानून की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त कारवाई एंटी करप्शन विभाग के पोलिस अधीक्षक राहुल माकणीकर के मार्गदर्शन में पोलिस उपअधीक्षक डॉ. अरुणकुमार लोहार, पोलिस निरीक्षक अमित डहारे, संजय कुंजरकर,



मिथुन चांदेवार, अतुल मेश्राम, पोलिस अंमलदार चेतन पोटे, मयूर शिंगणजुडे, विवेक रणदिवे, राजकुमार लेंडे, विष्णू वारठी, शिलपेंद्र मेश्राम, चालक राहुल राऊत ने की।

### गोंदिया प्रभारी के रूप में करोड़ों रुपए की प्रति वर्ष अवैध वसूली, बुलंद गोंदिया ने समय-समय पर उठाया था मामला

अन्न व औषधि विभाग का गोंदिया और भंडारा का एक ही कार्यालय है जो भंडारा से संचालित होता है। गोंदिया जिले के निर्माण के बावजूद गोंदिया का स्वतंत्र अन्न औषधि विभाग का कार्यालय अब तक शुरू नहीं हो पाया जिसके चलते भंडारा के अन्न व औषधि निरीक्षक को गोंदिया का ही प्रभार दिया जाता है। प्रशांत राजेंद्र रामटेके वर्ष 2018 से फरवरी 2023 तक गोंदिया के प्रभारी औषधि निरीक्षक के पद पर रहते हुए प्रतिवर्ष 1करोड़ से अधिक की अवैध वसूली स्वयं वह अपने एजेंट के माध्यम से करता था। इस मामले में बुलंद गोंदिया द्वारा अनेकों बार प्रशांत रामटेके के भ्रष्टाचार का खुलासा कर समाचार भी प्रकाशित किया था। एंटी करप्शन विभाग द्वारा प्रशांत रामटेके की संपत्ति की जांच की जाए तो करोड़ों रुपए की अवैध वसूली के मामले भी सामने आएंगे।

### कोविड काल में दवाई विक्रेताओं को किया काफी परेशान

कोरोना महामारी में जब डॉक्टर वह दवाई विक्रेता लोगों की जान बचाने में जुटे हुए थे उस दौरान गोंदिया जिले के औषधि निरीक्षक के पद पर रहते हुए प्रशांत रामटेके द्वारा गोंदिया जिले के दवाई विक्रेताओ को काफी परेशान कर भारी पैमाने पर अवैध वसूली की थी जिससे पूरे गोंदिया जिले के थोक व चिल्लर दवाई विक्रेता इस औषधि निरीक्षक से काफी त्रस्त थे। उस दौरान भी प्रशांत रामटेके की अनेक शिकायतें वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर की गई थी किंतु उस पर कार्रवाई विभाग द्वारा नहीं की गई। जिससे संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों पर भी प्रश्नचिन्ह निर्माण हो रहा। तो क्या प्रशांत रामटेके द्वारा की जा रही अवैध वसूली का एक बड़ा हिस्सा वरिष्ठ अधिकारियों तक नियमित पहुंचाया जा रहा था जिसके चलते 4 वर्षों तक गोंदिया जिले के प्रभारी व भंडारा के निरीक्षक के पद पर रहते हुए किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होना यह साबित करता है।

### मुंबई हो गया था तबादला

भंडारा के औषधि निरीक्षक प्रशांत रामटेके का गत कुछ दिनों पूर्व मुंबई मैं तबादला हो गया था तथा भंडारा कार्यालय से वह कार्यमुक्त हो गया होता तो उसे मुंबई मैं अपना चार्ज लेना होता किंतु मुंबई में अपना पद ग्रहण करने के पूर्व ही एंटी करप्शन विभाग की कार्यवाही में रंगे हाथों गिरफ्तार हो गया।

## डांगोरली बैराज का निर्माण जल्द ही होगा शुरू- विधायक विनोद अग्रवाल



**बुलंद गोंदिया।** विधायक विनोद अग्रवाल पिछले 3 वर्षो से गोंदिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक बने हैं, डांगोरली में बांध के निर्माण के लिए उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री तक का शासन स्तर पर पाठपुरावा किया और उनके प्रयासों से किसानों व शहरवासियों की पानी की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में तेढवा के पास डांगोरली बैराज का निर्माण महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश दोनों राज्यों की मंजूरी से किया जाएगा और इससे तेढवा-सिवनी और नवेगांव-देवरी और डांगोरली उपसा सिंचाई योजनाओं को मजबूती मिलेगी. इससे जल संग्रहण और कृषि भूमि को लाभ होगा। किसानो के खेती के लिए उपयुक्त पानी और गोंदिया शहर के नागरिको की पेयजल की समस्या का निराकरण किया जायेगा. इसके लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस इनसे चर्चा की थी जिसपर मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया था. तथा बैरेज के निर्माण कार्य को महाराष्ट्र राज्य जलसंपती नियमन प्राधीकरण अधिनियम 2005 चे कलम 119 (च) अन्वये दि.24/08/2022 को मान्यता प्रदान की गई थी और डांगोरली बैराज को राज्य तकनीकी सलाहकार समिति ने सरकार से प्रशासनिक स्वीकृति के लिए मंजूरी दे दी है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इस हेतु विधायक विनोद अग्रवाल ने राज्य सरकार का मन से आभार व्यक्त किया है। विधायक विनोद अग्रवाल ने पिछले 3 वर्षो से हमेशा लोगों की समस्याओं का समाधान किया है और राजनीति की शुरुआत के बाद से उन्होंने ऐसे कई काम किए हैं. उनका पूरा जीवन सभी के कल्याण पर केंद्रित है और किसी को भी वंचित किए समाज में हर जरूरतमंद को कैसे लाभान्वित किया जाए। साथ ही विधायक बनने के बाद से उन्होंने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री तक डांगोरली बांध के निर्माण कार्य के लिए सतत मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री से चर्चा की है और उन्हें इसमें सफलता भी मिली है. ग्रामीण भाग के किसानों के सिंचन की और शहरवासियों की पानी की समस्या का समाधान इस डांगोरली बैरेज के निर्माण से होगा।

## आदिवासी समुदाय का इतिहास वीरता और शौर्य से भरा हुआ-पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल



**बुलंद गोंदिया।** स्वतंत्रतावीर बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने छोटा गोंदिया स्थित बिरसा मुंडा स्मारक पर पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश में आदिवासी समुदाय का इतिहास शौर्य और वीरता से भरा हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में आज से लगभग 150 वर्ष पूर्व जन्में महामानव बिरसा मुंडा ने मात्र 25 वर्ष की आयु में आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए जो प्रयत्न किए उसकी कोई मिसाल नहीं मिलती। पराधीन भारत में महामानव बिरसा मुंडा ने तत्कालीन ब्रिटिश सरकार से निरंतर संघर्ष करते हुए भारत की आजादी की लड़ाई में अपना बहुमूल्य योगदान दिया एक और वह ब्रिटिश सरकार से लोहा ले रहे थे वहीं दूसरी ओर सदियों से पिछड़े व उपेक्षित आदिवासी समुदाय में जनजागृति का कार्य करते हुए समुदाय में चेतना का संचार करने का कार्य किया। जल जमीन और जंगल के लिए विशाल आंदोलन कर आदिवासी समुदाय को जमीन और अपने अधिकारों के प्रति जागृत किया उन्हीं के प्रयासों का प्रतिफल है कि आज संपूर्ण विश्व में क्रांतिसूर्य महामानव बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा प्राप्त हुआ है। उन्हीं के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए मैं आदिवासी समाज के विकास के लिए सदैव तत्पर रहता हूं आदिवासी समुदाय के विकास के लिए विधानसभा में चाहे कितना भी संघर्ष करना पड़े मैंने सदैव उस लड़ाई को लड़ने का कार्य किया है। गोंदिया के आदिवासी समाज के विकास की जितनी भी योजनाएं हैं वह हमने लाकर समाज को आगे बढ़ाने का प्रयास किया समाज को योजनाओं की जानकारी मिले वह उसका सफल क्रियान्वयन इस दृष्टि से देवरी स्थित आदिवासी प्रकल्प कार्यालय की अतिरिक्त शाखा गोंदिया के जिला अधिकारी कार्यालय में शुरू करवाई गई तथा भविष्य में हम इन प्रयासों से कहीं काम नहीं पड़ेंगे। इस अवसर पर बंटी बानेवार , मनोज पटनायक ,संतोष कुसराम, विष्णु नागरीकर, भावना कदम, सुनील केलंका, अशोक चौधरी ,अनीता मेश्राम, रीता बागड़े, शकील मंसूरी, राजेश बघेल, वसंत नेवारे, सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज व परिसर के नागरिक उपस्थित थे।

## राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्य यह राष्ट्रवादी कांग्रेस का उद्देश्य-पूर्व विधायक राजेंद्र जैन

### » राष्ट्रवादी कांग्रेस भवन में 24 वी वर्षगांठ आयोजित




**बुलंद गोंदिया।** राष्ट्रवादी कांग्रेसी के स्थापना की 24 वीं वर्षगांठ का आयोजन गोंदिया में राष्ट्रवादी भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम राष्ट्रवादी कांग्रेस पक्ष के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर सांसद सुप्रिया सुले वह सांसद प्रफुल्ल पटेल की नियुक्ति होने पर उन्हें राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा बधाइयां दी गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पर यह 80त्न सामाजिक कार्य व 20त्न राजनीति की नीति पर कार्य कर रही है, तथा शरदचंद्र पवार वह प्रफुल्ल पटेल के नेतृत्व में विश्वास के साथ कार्य करने वाला पक्ष है।

पार्टी की वर्षगांठ का आज भव्य तरीके से आयोजन कर मनाया गया व पक्ष के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पवार साहब के साथ मजबूती से खड़े हैं चाहे स्थिति कितनी भी कठिन क्यों ना हो। गोंदिया जिले की जनता को सांसद प्रफुल्ल पटेल के नेतृत्व में विश्वास पूर्ण विश्वास है तथा यह पार्टी किसानों खेत मजदूरों की है तथा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने हमेशा किसानों के कल्याण का ही कार्य किया है।

उपरोक्त आयोजन पूर्व विधायक राजेंद्र जैन जिला अध्यक्ष परशुरामकर, विनोद हरिनखेडे की प्रमुख उपस्थिति में ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर राजेंद्र जैन, परशुरामकर, विनोद हरिणखेडे, सौ राजलक्ष्मी तूरकर, प्रभाकर दोनोडे, केतन तुरकर, विशाल शेंडे, रफीक खान, सौ पूजा अखिलेश सेठ, अशोक सहारे, मनोहर वालदे, श्रीमती डॉ माधुरी नासरे, श्रीमती सुशीला भालेराव, अॅड वैशाली जाधव, विनीत सहारे, सौ अश्विनी पटले, निरज उपवंशी, सौ सरला चिखलोंडे, शंकरलाल टेंभरे, सौ आशाताई पाटील, श्रीमती कुंदा दोनोडे, श्रीमती पुस्पलता माने, श्रीमती लता रहांगडाले, श्रीमती मानवती बैस, भाविका नागपुरे, चेतना पराते, केवल बघेले, घनश्याम मस्करे, राजू एन जैन, अखिलेश सेठ, मोहन पटले, पियुष झा, रवी मुंदडा, भगत ठकरानी, नितिन टेभरे, चंद्रकुमार चुटे, इकबाल सय्यद, लीकेश चिखलोंडे, आनंद ठाकूर, योगेश बनसोड, दीपक कनोजे, चंदन गजभिये, सुनील पटले, शैलेश वासनिक, सोनू राय, नागो बन्सोड, नागरतन बन्सोड, पंकज चौधरी, पिंटू बनकर, प्रतीक पारधी, राहुल वालदे, युनुस शेख, हरगोविंद चौरासिया, श्याम चौरे, करण टेकाम, लखन बहेलिया, रमण उके, हरबक्ष गुरनानी, कपिल बावणथळे, कुणाल बावणथळे, आरजू मेश्राम, संदीप पटले, हरी आसवानी, घनेश्वर तीरेले,नरहरप्रसाद मस्करे, दिलीप डोंगरे, कान्हा बघेले, संजीव बापट, राजू येडे, सतीश कोल्हे, बबन मेश्राम, दिलिप पाटील, राजेश नागपुरे, रौनक ठाकूर, निखिल बन्सोड, रोहित मेंढे, अमित बडोले, आर्यन कुथे, निखिता दख्खनवार, कमलेश्वरी रहांगडाले, मनीषा कटरे, चांदणी हाडगे, आरती मौजे, माधुरी कळसर्पे, खुशी चौधरी, नेहा लिल्हारे, अजाबराव रहांगडाले, योगेश डोये, प्रकाश नेवारे, प्रकाश बरय्या, दीपक गायधने, नरेंद्र बेलगे, वामन गेडाम सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।

## गीतांजलि अय्यर के निधन पर युवा जागृति ने उनके परिजनों को भेजा शोक संदेश

**बुलंद गोंदिया।** दूरदर्शन की सुप्रसिद्ध अंग्रेजी समाचार वाचिका गीतांजलि अय्यर का गत दिनों निधन हो गया उनके निधन पर गोंदिया के युवा जागृति परिवार व संस्था के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल द्वारा उनके परिजनों को शोक संदेश भेजकर श्रद्धांजलि अर्पित की। विशेष यह की गीतांजलि अय्यर की कुछ यादें गोंदिया से भी जुड़ी हुई है। उल्लेखनीय है कि एक समय में दूरदर्शन पूरे देश में मशहूर था जिसके अंग्रेजी समाचार वाचिका गीतांजलि अय्यर की वाचन शैली के लाखों दर्शक थे। उनको चार बार बेस्ट समाचार वाचिका का अवार्ड भी प्राप्त होने के साथ-साथ टीवी सीरियलों में भी काम किया था। विशेष यह है कि भारत सरकार द्वारा कई राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित संस्था युवा जागृति ने गोंदिया में वर्ष 1992 में पहला अंतरराष्ट्रीय चिल्ड्रन फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया था। जिसके उद्घाटन के लिए श्रीमती गीतांजलि गोंदिया पधारी थी। इस फिल्म फेस्टिवल में जर्मनी, रशिया, फिनलैंड, स्वीडन, जापान आदि देशों की फिल्मों को हिंदी में डबिंग की गई फिल्म का प्रसारण 7 दिनों तक गोंदिया के प्रभात एवं श्री टॉकीज में किया गया था जिसमें तकरीबन 14000 छात्र-छात्राओं ने इस फेस्टिवल का लाभ उठाया था।



## सरस्वतीबाई महिला विद्यालय की छात्राओं की सफलता



**बुलंद गोंदिया।** सरस्वती बाई महिला विद्यालय पुणाटोली की छात्राओं ने शैक्षणिक सत्र 2022- 23 दसवीं बोर्ड की परीक्षा सफलता प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया है। सत्र में 107 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें से 101 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए तथा शाला का परीक्षा परिणाम 95% रहा। साथ ही 35 विद्यार्थियों ने विशेष प्राविण्यता प्राप्त की। जिसमें शाला में प्रथम स्थान पर 94.40त्न लेकर कुमारी श्रावनी संतोष कुर्वे ,द्वितीय स्थान पर 92.40% लेकर कुमारी दिव्यांशी भागवत मडावी तथा तृतीय स्थान पर 89% प्राप्त कर कुमारी मृणाल बसंत कुमार साठवने ने शाला का नाम रोशन किया। उनकी इस सफलता पर शाला कि मुख्य अध्यापिका कु.एस.एच शेख, अध्यक्ष नीरज पटेल व सचिव अमीबेन पटेल ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। साथ ही सभी शिक्षकों द्वारा उत्तीर्ण छात्राओं व गुणवंत विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।

संपादकिय...

# डायबिटीज की चुनौती

डायबिटीज अब गंभीर समस्या बन चुकी है। देश में तेजी से डायबिटीज के मरीज बढ़ रहे हैं। हाल ही में आए ताजा आंकड़ों ने और चिंता बढ़ा दी है। डायबिटीज को लेकर आई ICMR की ताजा स्टडी को एक चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या को लेकर आए ताजा आंकड़े निश्चित रूप से चौंकाने वाले हैं, लेकिन इन्हें चेतावनी के रूप में भी देखा जाना चाहिए। जाने-माने हेल्थ जर्नल 'लांसेट' में प्रकाशित इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की ताजा स्टडी के मुताबिक देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10 करोड़ से ऊपर हो गई है। हैरानी की बात यह है कि पिछले चार साल के अंदर इसमें 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जो बात इन आंकड़ों को ज्यादा गंभीर बनाती है वह यह भी है कि प्री-डायबिटीज मामलों की संख्या भी कम नहीं है। ताजा सर्वे के मुताबिक अगर देश की 11.4 फीसदी आबादी डायबिटीज से पीड़ित है तो 15.3 फीसदी लोग प्री-डायबिटीज श्रेणी में हैं। प्री-डायबिटीज कैटिगरी में उन लोगों को रखा जाता है जिनका ब्लड शुगर लेवल सामान्य से ज्यादा होता है, लेकिन इतना ऊपर नहीं होता कि टाइप-2 डायबिटीज की कैटिगरी में शामिल किया जा सके। ये ऐसे लोग होते हैं जिनके डायबिटिक होने का अंदेशा रहता है। प्री-डायबिटीज का कोई मामला डायबिटीज में शामिल होगा या नहीं और होगा तो कितने समय में, इसे लेकर निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन एक्सपर्ट्स आम तौर पर मानते हैं कि ऐसे एक तिहाई मामले डायबिटीज में तब्दील हो जाते हैं। दूसरे एक तिहाई मामले प्री-डायबिटीज कैटिगरी में ही बने रहते हैं जबकि आखिरी एक तिहाई जीवनशैली में बदलाव और ऐसे अन्य उपायों से बेहतर होकर नॉर्मल स्थिति में लौट जाते हैं। अगर प्री-डायबिटीज के एक तिहाई मामले भी डायबिटीज में कन्वर्ट हुए तो स्वास्थ्य के मोर्चे पर अगले कुछ वर्षों में गंभीर चुनौती पैदा हो सकती है। खासकर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां हर एक डायबिटिक व्यक्ति पर प्री-डायबिटीज के क्रमश- चार और तीन मामले बताए जा रहे हैं। इन हालात में खास तौर पर किडनी पेशंट्स की संख्या में इजाफा होने जैसी स्थितियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। ऐसे कई मरीजों को डायलिसिस की जरूरत पड़ती है। न केवल ऐसी मशीनें कम हैं और ज्यादातर शहरी केंद्रों तक सीमित हैं बल्कि उनका बेहद खर्चीला होना भी उन्हें ज्यादातर किडनी मरीजों की पहुंच से दूर कर देता है। ह्वह्र और अन्य सेवाभावी संस्थाओं की ओर से जहां-तहां ऐसी सेवाएं मुफ्त या कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, लेकिन यह अव्यवस्थित, अनियमित और अपर्याप्त हैं। हाल में केरल सरकार की ओर से जरूर राज्य में किडनी पेशंट्स को फ्री डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराने की एक योजना लॉन्च की गई है, जिसके तहत हर जिले के कम से कम एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र में इसे शुरू करने की बात है। यह पहल सराहनीय तो है ही, अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय भी है।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम विरोधी दिवस विशेष - 12 जून 2023

# जिम्मेदारियों के बोझ तले कुचलता मासूम बचपन

बाल श्रम एक कानूनी अपराध और समाज में लगा अभिशाप है जो बच्चों को उनके स्कूल जाने के अधिकार से वंचित करता है और गरीबी को बढ़ाने में सहायक है। फिर भी अनेक बाल श्रम प्रतिबंधित कानून और जन जागरूकता के बावजूद बाल मजदूरी ख़त्म नहीं हो रही है। संयुक्त राष्ट के सहायक वर्ग के रूप में कार्यरत अंतर्राष्टीय श्रम संगठन, बाल श्रम को परिभाषित करते हुए कहता है कि, बाल श्रम अर्थात ऐसा काम जो बच्चों को उनके बचपन, उनकी क्षमता और उनकी गरिमा से वंचित करता है, और जो शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हानिकारक है। यह समस्या आगे चलकर अनेक गंभीर सामाजिक समस्याओं को बढ़ावा देती है। बाल श्रम के विरोध में जनजागृति हेतु हर साल 12 जून को **अंतराष्टीय बाल श्रम विरोधी दिवस** पूरी दुनिया में मनाया जाता है ताकि बच्चों को उनका हक़ मिले। इस साल 2023 के लिए यूएन द्वारा जाहिर थीम सभी के लिए सामाजिक न्याय और बाल श्रम खत्म करो यह है। बाल मजदूरी के खिलाफ हम सबको मिलकर लड़ना होगा तभी इस समस्या से निजात मिलेगी।




मनुष्य के सम्पूर्ण जीवनकाल में निस्वार्थ भाव और सुखमय समय बचपन का कहलाता है, तब बच्चे गीली मिट्टी की भांति होते है अर्थात निराकार। उन्हें योग्य वातावरण में अच्छी शिक्षा-संस्कार देकर समाज में एक जिम्मेदार नागरिक और कर्तृत्ववान मानव बनाया जाता है, ताकि बच्चे बड़े होकर खुद के, समाज के, देश के और समस्त मानव जाती के कल्याण और विकास में अपना योगदान दे सकें। बचपन में बच्चों द्वारा ली जाने वाली शिक्षा उन्हें जीवन विकास का बेहतर मार्ग प्रशस्त करता है। शिक्षा उन्हें परिपूर्ण बनाती है और जीवन में सतत प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करती है, इससे व्यक्ति के विकास के साथ, समाज और देश का भी विकास होता है। शिक्षा मनुष्य के जीवन का आधार है, यदि बच्चों के हाथ में किताबों की जगह जिम्मेदारी का बोझ दिया जाये तो वे अपने विकास से वंचित हो जायेंगे, उनकी मासूमियत कुचल दी जाएगी, उनका हक़ छीना जाएगा। जीवन अनमोल है, बाल मजदूरी बच्चे का आने वाला सुनहरा कल तबाह करती है। बच्चे स्कूलों में जाने के लिए होते है, कार्यस्थलों पर नहीं। बाल श्रम शिक्षा के लिए एक प्रमुख बाधा के रूप में कार्य करता है, शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, स्वास्थ्य विकास भी रोकता है। मासूम बचपन बचाने के लिए हमें बड़ा जन अभियान चलाना होगा।

यूनिसेफ इंडिया और अंतर्राष्टीय श्रम संगठन अनुसार, 2011 की जनगणना के आंकड़े दर्शाते है कि, भारत में बाल श्रमिकों की संख्या 10,100,000 है, जिनमें 56 लाख लड़के और 45 लाख लड़कियां हैं। भारत में 4.27 करोड़ से अधिक बच्चे स्कूल से बाहर हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट और मध्य प्रदेश मिलकर भारत में कुल कामकाजी बच्चों का लगभग 55त्न हैं। सेव द चिल्ड्रन, 2016 अनुसार, उत्तर प्रदेश में बाल श्रमिकों की संख्या सबसे अधिक है, भारत में 20त्न से अधिक बाल श्रमिक अकेले इस राज्य के हैं। कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन और 2011 की जनगणना के अनुमानों की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वर्तमान साल 2023 में 78 लाख बाल श्रमिक होंगे, जिसमें लड़के-लड़कियों की हिस्सेदारी क्रमश: 57त्न और 43त्न होगी। कोरोना काल ने बाल श्रम बढ़ाने में विशेष योगदान दिया है।

विश्व स्तर पर बाल श्रम में कुल 15.20 करोड़ बच्चे (8.8 करोड़ लड़के और 6.4 करोड़ लड़कियां) होने का अनुमान है, जो दुनिया भर में सभी बच्चों में से लगभग दस में से एक है। यूनिसेफ कहता है कि दुनिया के सबसे गरीब सबसे कम विकसित देशों में, हर 5 में से 1 से अधिक बच्चे बाल श्रम में लगे हुए हैं। साल 2012 में बाल श्रमिकों का वैश्विक आंकड़ा 16.8 करोड़ है। एशिया और प्रशांत क्षेत्र में अभी भी बाल श्रमिकों की सबसे बड़ी संख्या लगभग 7.8 करोड़ या बाल आबादी का 9.3त्न है, लेकिन उप-सहारा अफ्रीका बाल श्रम की उच्चतम संख्या 5.9 करोड़, 21त्न से अधिक वाला क्षेत्र बना हुआ है। विश्व स्तर पर, कृषि क्षेत्र में सबसे ज्यादा बाल श्रमिक पाए जा सकते हैं अर्थात 9.8 करोड़ और सेवाएँ 5.4 करोड़, उद्योग में 1.2 करोड़ बाल मजदुर हैं। संयुक्त राष्ट बाल कोष यूनिसेफ के अनुसार, 300000 से अधिक बाल सैनिकों को सशस्त्र युद्ध में मजबूर किया गया।

बाल श्रम को समाप्त करने की लड़ाई में सरकार की मदद करने के लिए यूनिसेफ, केयर इंडिया, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन, ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर, स्माइल फाउंडेशन, डॉन बॉस्को बालप्रफुल्टा, सेव द चिल्ड्रन, चाइल्ड राइट एंड यू, हैंड इन हैंड इंडिया, बचपन बचाओ आंदोलन, तलाश एसोसिएशन, जैसे अनेक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) कार्यरत है। हैंड इन हैंड इंडिया एनजीओ, जिसने 300,000 से अधिक बच्चों (पूर्व बाल मजदूरों) को वापस स्कूल में भेजा। बाल मजदूरी करने की मजबूरी कोई भी हो, लेकिन बाल श्रम गलत है, अपराध है। सरकार ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए विभिन्न कानून नीति और कार्यक्रम शुरू किए हैं, सरकारी नियमों का कड़ाई से पालन हों, यह हम सबकी जिम्मेदारी है।

सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा बाल श्रम रोकने के लिए पेंसिल पोर्टल बनाया है। कही पर भी बाल मजदुर नजरआये तो बाल श्रम संबंधित शिकायत के लिए तुरंत पेंसिल पोर्टल पर लॉगिन कर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें या 1098 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें अन्यथा नजदीकी पुलिस स्टेशन से भी संपर्क कर सकते है। गैर सरकारी संगठन बचपन बचाओ आंदोलन के हेल्पलाइन नंबर 1800-102-7222 पर भी कॉल कर सकते हैं। हमारी जागरूकता किसी मासूम का भविष्य उज्जवल बना सकती है।

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

# गोंदिया विधानसभा वाट्सएप्प ग्रुप के सदस्यों का सरहानीय कदम

## रक्त की कमी दूर करने भीषण गर्मी में भी निकले रक्तमित्र 52 यूनिट हुआ रक्त संकलन




**बुलंद गोंदिया।** चिलचिलाती धूप, गर्म थपेड़े के बावजूद इस भीषण गर्मी में 52 सक्रिय समाजसेवियों ने रक्त की हो रही किल्लत को दूर करने का सरहानीय प्रयास किया है।

यह संभव हुआ है, गोंदिया शहर के सामाजिक कार्यों में अग्रणी सदस्यों के गोंदिया विधानसभा ग्रुप के संकल्पों से। इस जीवीजी ग्रुप के सदस्यों ने जिला अस्पतालों में हो रही भारी रक्त की कमी को दूर करने संकल्प लेकर अपने ग्रुप के सदस्य व परिचितों को अपील कर आज 7 जून को महारक्तदान शिविर का आयोजन बाई गंगाबाई स्त्री सरकारी जिला अस्पताल में रखा था, जहा सिर्फ एक अपील के माध्यम से गर्म थपेड़ो में भी स्वयप्रेरित सदस्यगण रक्त योद्धा के रूप में सरपट दौड़े आये और 52 यूनिट रक्तदान का संकलन किया।

रक्तदान के रक्तदाताओं में संतोष शर्मा, विजय अग्रवाल, विजय सोनी, लोकेश यादव, धनंजय तिवारी, डॉ. वेदप्रकाश चौरागडे, डॉ.महेंद्र संग्रामे, मयूरी जैन अजमेरा, हरिन्द्र मेठी, राजेश जैन, बिट्टू भाटिया, अजय अग्रवाल(ष्टष्ठ),आशीष भूतेश्वर, नेहा भूतेश्वर, सुप्रीत बैस, सुनील डोरस, अरविंद ठाकरे, नकुल मेठी, महेंद्र बारिये, योगेश बी मिश्रा, मुकेश दहीकर, विजय जी सोनी, योगेंद्र पंधरे, जयराज चौधरी, चंदन कनोजिया, सुनील तिवारी, साहेबलाल माहुले, महेश हेमने, असीम शेख, वसीम सिद्दीकी, अमित अवस्थी, शरद हर्डे, भूपेश लारोकर, अजय लालू शर्मा, दिनेश वाड़ीभस्मे, राहुल शर्मा, अमीना बैदानी, सुधीर बजाज, प्रतिक बजाज, लीना बजाज, दिगम्बर बिजेवार, सौरभ अग्रवाल, अजय के अग्रवाल, संजय शर्मा, भूपेश लारोकर, हर्षल पवार, अरविन्दजी तिवारी,गणेश अग्रवाल, अंकित जी जैन, अभय बचवानी इन सभी नें रक्तदान किया।

ग्रुप के सदस्य कुलदीप पटले द्वारा शिविर के पहले ही किसी जरूरतमंद की मदद कर 2 दिन पहले इसकी शुरुआत की गयी और आज रक्तदान की शुरुआत संतोष शर्मा द्वारा कि गयी। जिले के वैधकीय अधिकारी डॉ. वेदप्रकाश चौरागड़े, डॉ. महेंद्र संग्रामे द्वारा रक्तदान कर अतुलनीय योगदान दिया गया ।हनुमान मंदिर के सेवक सुधीर बजाज द्वारा बेटा और बेटी के सहित रक्तदान किया गया। आशीष भूतेश्वर और नेहा भूतेश्वर नवदम्पति नें भी रक्तदान किया। पुणे से गोंदिया मायके में पधारी मयूरी जैन अजमेरा द्वारा भी रक्तदान किया गया। चंदन कनोजिया, संजय शर्मा, राहुल शर्मा, अजय शर्मा (लालू) इन्होने जीवन का प्रथम रक्तदान आज गोंदिया विधानसभा ग्रुप के लिए किया। गोंदिया विधानसभा ग्रुप के सक्रिय सदस्यों मे एड. ओमप्रकाश मेठी, डॉ. माधुरी नासरे, ललित शर्मा, प्रधुम्न बजाज, दिव्या भगत, नीलेश देशभरतार, भावना कदम, सविता तुरकर, पत्रकार बंधुओ में नवीन अग्रवाल, रवि सपाटे, संजय राउत इनकी उपस्थिति रही ।ग्रुप के एडमिन राजेश कनोजिया, आदेश शर्मा, विजय अग्रवाल, हर्षल पवार और भाई आलोक अग्रवाल नें हरसम्भव प्रयास कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# एक सड़क जिस पर रात में सफर बना खतरनाक

## बोरगांव तीमेझरी अधूरी सड़क कहानी

### » दिन में शुरू,रात को हो जाता है बंद आवागमन



**बुलंद गोंदिया।** गोरेगांव तहसील की बोरगांव-कुरहाडी व तिमेझरी ऐसी सड़क है जिसमें दिन में आवागमन शुरू रहता है और रात का अंधेरा छाते ही इस सड़क से गुजरना बंद कर दिया जाता है। इसका मुख्य कारण यह है कि इस सड़क पर इतने जानलेवा गड्ढे है की सड़क पगडंडी में तब्दील हो गई है। लेकिन इस सड़क को बनाने में जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभाग के अधिकारी पूर्ण रूप से असफल साबित हो रहे है। गौरतलब हैं कि बोरगांव-कुरहाड़ी-तिमेझरी यह सड़क जिले के मुख्यालय गोंदिया को जुड़ती है। इस मार्ग से प्रति दिन सैकड़ो की संख्या में छोटे-बड़े वाहनो का आवागमन बना रहता है। इसी सड़क से लाल परी तथा विद्यार्थियो का आवागमन होता है। लेकिन पिछले अनेक वर्षो से सड़क की मरम्मत नहीं किए जाने के कारण सड़को पर इतने जानलेवा गढ्ढे निर्माण हो गए है कि इन गड्ढो से चक्कर में वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे है। दुर्घटना से बचने के लिए क्षेत्र के नागरिक रात का अंधेरा छाते ही इस सड़क से आवागमन करना बंद कर देते है। यदि कोई नया व्यक्ति इस सड़क से रात के दौरान गुजरना भी चाहता है तो उसे दुर्घटना का डर बना रहता है। कई बार आंदोलन एवं मांग की गई कि इस सड़क की मरम्मत या नई सड़क बनाई जाए लेकिन इस ओर अनदेखी ही की गई है।

शिवसेना का आंदोलन भी नहीं आया काम

इस सड़क को लेकर उद्धव गुट की शिवसेना ने कुरहाडी नाके चौक पर आंदोलन किया था। आंदोलन स्थल पर संबंधित विभाग के अधिकारी पहुंचे और आश्वासन दिया की जल्द ही सड़क का काम शुरू किया जाएगा लेकिन आंदोलन को 6 माह से अधिक का समय बीत गया लेकिन सड़क का काम शुरू नहीं किया गया है।

### सड़क का काम मंजूर

उपरोक्त सड़क बनाने के लिए क्षेत्र के जिप सदस्य शैलेष नंदेश्वर द्वारा शिकायत तथा पत्र दिया गया था। जिस पर उनके पत्र को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री सड़क योजना व 30/54 योजना के तहत सड़क को मंजूरी दे दी गई है। जिसे जल्द पुरा करने की प्रक्रिया शुरू है।

**संजय टेभरे, बांधकाम सभापति, जिप, गोंदिया**

# भाजपा ने जारी की लोकसभा व विधानसभा चुनाव प्रमुखों की सूची

## भंडारा-गोंदिया लोकसभा चुनाव प्रमुख बनायें गए विजय शिवनकर

### साकोली विस से पूर्व मंत्री डॉ. फुके, अर्जुनी मोरगांव से बड़ोले को मिली जिम्मेदारी




**बुलंद गोंदिया।** वर्ष 2024 के आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को देखते पक्ष के मजबूतीकरण व संगठनात्मक नियोजन हेतु भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र की सभी 48 लोकसभा सीटों एवं 288 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रमुख के रूप में बड़ी जिम्मेदारी अपने पदाधिकारियों को सौंपी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले द्वारा 8 जून 2023 को जारी सूची अनुसार भंडारा-गोंदिया लोकसभा चुनाव प्रमुख पद पर गोंदिया जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष विजय शिवनकर की नियुक्ति की है। इसी तरह साकोली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रमुख के रूप में पूर्व मंत्री डॉ. परिणय फुके, भंडारा से अनूप ढोके, तुमसर से प्रदीप पडोले, अर्जुनी मोरगाँव से पूर्व मंत्री राजकुमार बड़ोले, गोंदिया से पूर्व विधायक हेमंत पटले, तिरोडा से वसंत भगत, आमगांव से पूर्व विधायक संजय पुराम को विधानसभा प्रमुख बनाकर आगामी चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जिले में 25 तक निषेधाज्ञा लागू

**गोंदिया** -जिले में 11 से 25 जून 2023 की कालावधि तक विविध पार्टी व संगठनों की ओर से उनकी लंबित मांगों को लेकर अनशन, आंदोलन, धरना आदि आयोजित किए गए हैं। जिससे जिले में कानून व शांति बनाए रखने के उद्देश्य से 25 जून तक वर्ष 1951 की मुंबई पुलिस अधिनियम की धारा 37 (1) (3) निषेधाज्ञा का आदेश अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रकाश पाटील ने लागू किया है।

उक्त कालावधि में शस्त्र, तलवार, भाले, बंदुक, लाठी आदि शरीर को चोट पहुंचाने के लिए उपयोगी शस्त्रों पर लाने ले जाने अथवा पास में रखने पर प्रतिबंध लगाया गया है। उक्त अधिसूचना शासकीय के साथ ही अर्धशासकीय कर्मचारियों पर उनके कर्तव्य के समय लागू नहीं रहेगी। साथ ही धार्मिक कार्यक्रम एवं प्रेत यात्रा पर भी यह अधिसूचना लागू नहीं रहेगी। उक्त अधिसूचना की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने पर संबंधितों के खिलाफ फौजदारी नियम अंतर्गत उचित कार्रवाई की जाएगी। ऐसी जानकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रकाश पाटील ने दी है।

# जाहिर सुचना

१ श्रीमती ताराबाई गोमाजी उके २. पार्वतीबाई हिरालाल नागदेवे इनके नाम से नगर परिषद रिकार्ड में नाम दर्ज है। जिसका वार्ड क्रमांक १४ वार्ड का नाम मालविय वार्ड, मालमत्ता क्रमांक १४/२११ है । उक्त मालमत्ता धारक का निधन दिनांक २३/०४/२०१६को हो चुका है। इनके निधन के उपरांत इनके वारस १. श्रीमती कविता बेवा भुवन नागदेवे इन्होने वारसान आधार पर हस्तांतरण हेतु आवेदन सादर किया है। हस्तांतरण पर आक्षेप हो तो यह सुचना प्रकाशित होने के पश्चात १५ दिन के भीतर अपना आक्षेप इस कार्यालय में प्रमाणित दस्तावेज सहित सादर करेंगे। आक्षेप प्राप्त न होने पर हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी।

**मुख्य अधिकारी**
**नगर परिषद**
**गोंदिया**

# गर्मी में लू का प्रकोप न हो, इसके लिए जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था रोजगार गारंटी कार्य पर स्वास्थ्य सेवाएं देने में जुटी



**बुलंद गोंदिया।** जिले में जगह-जगह रोजगार गारंटी के कार्य चल रहे हैं। तालाब गहरीकरण, पांनदान रोड, पदचरी, धान खेती गहरीकरण, वृक्षारोपण, वन रोपण, आदि विभिन्न कार्यों के लिए मजदूर गांव-गांव जाकर विभिन्न कार्य करते नजर आ रहे हैं। वर्तमान में गोंदिया जिले का तापमान विदर्भ से अधिक है। नवतपा चल रहा है और हर तरफ गर्म हवा चल रही है। जिला प्रशासन ने काम के घंटे निर्धारित कर दिए हैं ताकि गर्मी में काम करने के दौरान मजदूरों को हीट स्ट्रोक का शिकार न होना पड़े। स्वास्थ्य प्रशासन ने इसे संज्ञान में लेते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा अधिकारियों को रोजगार गारंटी कार्य पर श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। ग्राम स्तर के स्वास्थ्य कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी, आशा कर्मी अपने कार्यक्षेत्र में रोजगार गारंटी कार्यस्थलों पर जाकर मजदूरों को मूलभूत दवाई देकर उचित स्थान पर रेफर कर सही स्थान पर निर्देशित करते हैं। अत्यधिक गर्मी के कारण कार्य करते समय लू लगने के लक्षण वाला कोई रोगी पाये जाने पर मजदूरों को मूलभूत दवाई देकर उचित स्थान पर रेफर कर सही स्थान पर निर्देशित अतिरिक्त जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश सुतार। हीट स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है। हीटस्ट्रोक से संबंधित कोई भी लक्षण पाए जाने पर तुरंत 108 या 102 पर कॉल करें, जिला महामारी अधिकारी डॉ. निरंजन अग्रवाल ।

स्वास्थ्य विभाग ने हर जगह रोजगार की गारंटी के लिए प्राथमिक रूप की दवा कार्यस्थल प्रमुख को उपलब्ध कराने का आह्वान किया है. आरोग्य सेवक, आरोग्य सेविका, आशा सेविका जिले के प्रत्येक गांव में रोजगार गारंटी कार्य पर जाकर ओआरएस पैकेट, पेट दर्द या बुखार रोधी दवा देकर बचाव के उपाय और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

### लू लगने के लक्षण

शरीर के तापमान में वृद्धि, सांस की तकलीफ और हृदय गति में वृद्धि, पेशाब में कमी, अत्यधिक प्यास, मतली, चक्कर आना, बेहोशी, मतिभ्रम या पसीना आना, **सिरदर्द। बच्चों में लू लगने के लक्षण**

भूख न लगना, अत्यधिक चिड़चिड़ापन, पेशाब की कमी, मुंह में लार की कमी, धुंधली दृष्टि, सुस्ती / प्रलाप जैसी स्थिति, आक्षेप, रक्त वाहिकाएं किसी भी स्थान से।

### वरिष्ठ नागरिकों में लू लगने के लक्षण

मानसिक संवेदनशीलता - भटकाव, मतिभ्रम, भ्रम, चिड़चिड़ापन, दौरे या कोमा।

गर्म लाल और चिपचिपी त्वचा एक कोर शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या 104 डिग्री फ़ारेनहाइट से अधिक है भयंकर सरदर्द घबराहट, चक्कर आना, बेहोशी और कमजोरी महसूस होना। मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन महसूस होना समुद्री बीमारी और उल्टी, हृदय गति में वृद्धि, सांस की तकलीफ।

### लू से बचाव के सरल उपाय-

जूस के साथ पानी पिएं और हाइड्रेटेड रहें। ,पतले ढीले सूती कपड़े पहनें। तेज धूप में बाहर जाने से बचें नंगे पांव बाहर न निकलें धूप के सीधे संपर्क में आने से बचने के लिए अपने सिर को टोपी/तौलिया/छाता आदि से ढक लें। दोपहर के समय अधिक बाहरी गतिविधियों को करने से बचें। अपने घर को ठंडा रखें, रात में पर्दे, शटर या सनशेड का प्रयोग करें और खिड़कियां खुली रखें शरीर को ठंडा करने के लिए पंखे और गीले कपड़ों का प्रयोग करें। खाना पकाने के क्षेत्र को हवादार करने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खुली रखें। बच्चों या पालतू जानवरों को कभी भी धूप में खड़ी गाड़ी में न छोड़ें। गर्म मौसम में खाना पकाने से बचें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचें क्योंकि ये शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उच्च प्रोटीन युक्त भोजन से परहेज करें और बासी भोजन न करें। मौसम के अपडेट के साथ सतर्क रहें।

# विभिन्न अनुदानित योजनाओं के लिए 30 जून तक प्रस्ताव आमंत्रित

**बुलंद गोंदिया।** जिला खेल अधिकारी गोंदिया के माध्यम से व्यायामशाला विकास अनुदान, खेल मैदान विकास अनुदान एवं युवा कल्याण योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में युवा मंडलों को आर्थिक सहायता एवं समाज सेवा शिविर आदि हेतु अनुदान वितरण किया जाता है. वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु ओटीएसपी के अंतर्गत जिला वार्षिक योजना सामान्य, अनुसूचित जाति उपयोजना, टीएसपी, खेल मैदान विकास अनुदान योजना, व्यायामशाला विकास अनुदान योजना एवं युवा कल्याण योजना हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं.

जिन संस्थाओं को खेल मैदान एवं जिम्नेजियम विकास अनुदान योजना के तहत अनुदान वितरित किया गया है, उन्हें विनियोग प्रमाण पत्र, कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र, अनुदान का लेखापरीक्षा विवरण, निर्माण परियोजना का फोटो एवं अन्य सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।

गोंदिया जिले के संबंधित संस्थान जो उक्त योजनाओं के नियम एवं शर्तों को पूरा करते हैं, वे अपना पूर्ण प्रस्ताव 30 जून 2023 तक जिला खेल कार्यालय, जिला खेल परिसर, मरारटोली, गोंदिया को प्रस्तुत करें। उक्त योजनाओं के लिए विलम्बित एवं अपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा। उपलब्ध धन के अधीन पूर्ण प्रस्तावों को भी स्वीकार किया जाएगा।

तथापि उपरोक्त वर्णित योजना प्रवेश फार्म एवं अधिक जानकारी के लिए संबंधित संस्था जिला खेल कार्यालय गोंदिया से कार्यालयीन समय में कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें।


**ई-निविदा**
**ग्रामपंचायत कार्यालय मोगरा**
**पंचायत समिती गोंदिया जि. प. गोंदिया**

निविदा क्रमांक - 01 दिनांक 13/06/2023

ग्रामपंचायत कार्यालय मोगरा, पंचायत समिती गोंदिया, जि.प. गोंदिया कडून सन 2023-24 हयाआर्थिक वर्षात ग्रामपंचायत अंतर्गत येणाऱ्या शासनाच्या विविध योजनेच्या बांधकाम व विविध कामाकरीता साहीत्य व सेवा पुरवठा करण्यासाठी पंजीकृत पुरवठा- धारक यांचे कडुन ई-निविदा व्दि लीफाफा पदधतीने ई-निविदाच्या अटी व शर्तीच्या अधिन राहून मागविण्यात येत आहेत. ई-निविदेचा विस्तृत नमुना व निविदा सादर करण्याचा कालावधी पत्रक महाराष्ट्र शासनाच्या www.mahatenders.gov.in या संकेत स्तळावर उपलब्ध असून विस्तुत माहिती प्रापंचायत कार्यालयात उपलब्ध आहे.

**ई- निविदा वेळापत्रक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई – निविदा प्रशिद्धी | दिनांक. 13/06/2023 |
| 2 | ई – निविदा दास्तावेज डाऊनलोड प्रारंभा | दिनांक. 13/06/2023 |
| 3 | ई – निविदा दास्तावेज डाऊनलोड समापती | दिनांक. 20/06/2023 साय. 3.05 वाजेपर्यंत |
| 4 | ई – निविदा दाखल करण्याची सुरवाती दिनांक | दिनांक. 13/06/2023 |
| 5 | ई – निविदा दाखल करण्याची अंतिम दिनांक | दिनांक. 20/06/2023 साय. 3.05 वाजेपर्यंत |
| 6 | ऑनलाईन ई – निविदा उघडण्याची दिनांक | दिनांक. 21/06/2023 साय. 5.00 वाजेपर्यंत ( शक्य झाल्यास ) |

ई-निविदेचा विस्तृत नमुना व निविदा सादर करण्याचा कालावधी पत्रक महाराष्ट्र शासनाच्या www.mahatenders.gov.inया संकेत स्थळावर उपलब्ध असुन विस्तृत माहिती ग्रामपंचायत कार्यालयात उपलब्ध आहे.

( ....स्वा..... ) **सरपंच** **ग्रामपंचायत मोगरा**

( ....स्वा..... ) **ग्राविअ/ग्रामसेवक** **ग्रामपंचायत मोगरा**


# चौपहिया वाहन दुर्घटना में एक की मौत, चार जखमी

**बुलंद गोंदिया।** चिचगढ़ पुलिस थाना अंतर्गत महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर धोबाटोला (उचेपुर) में 10 जुन को सुबह करीब 10.30 बजे के दौरान महिंद्र मालवाहक वाहन पटल जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई व चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। ककोडी निवासी वाहन चालक संजय सोनबोईर (45) टिपानगड़ (छत्तीसगढ़) से ककोड़ी लौट रहा था इस दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और वाहन पलट गया। जिससे वाहन में बैठे मजदूर मुरमाडी निवासी नंदलाल रामलाल मडावी (50) निचे गिरने से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। व चालक संजय सोनबोइर (45), मुरमाडी निवासी भगत मडावी (49), झनक पायफुल (50), निरज जांभुलकर (21) घायल हो गए. हादसे की जानकारी मिलते ही धोबाटोला के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए ककोड़ी ले गए। घटना की सूचना मिलने पर चिचगढ़ थानेदार शरद पाटिल, पीएसआई धुर्वे, पुलिस नायक संदीप तागंडे, राऊत, खोब्रागडे, कमलेश शहारे मौके पर पहुंचे. जांच पीएसआई धुर्वे कर रहे हैं।


**ई-निविदा**
**ग्रामपंचायत कार्यालय खातीया**
**पंचायत समिती गोंदिया जि. प. गोंदिया**

निविदा क्रमांक - 01 दिनांक 13/06/2023

ग्रामपंचायत कार्यालय खातीया, पंचायत समिती गोंदिया, जि.प. गोंदिया कडून सन 2023-24 हया आर्थिक वर्षात ग्रामपंचायत अंतर्गत येणाऱ्या शासनाच्या विविध योजनेच्या बांधकाम व विविध कामाकरीता साहीत्य व सेवा पुरवठा करण्यासाठी पंजीकृत पुरवठा- धारक यांचे कडुन ई-निविदा व्दि लीफाफा पदधतीने ई-निविदाच्या अटी व शर्तीच्या अधिन राहून मागविण्यात येत आहेत. ई-निविदेचा विस्तृत नमुना व निविदा सादर करण्याचा कालावधी पत्रक महाराष्ट्र शासनाच्या www.mahatenders.gov.in या संकेत स्तळावर उपलब्ध असून विस्तुत माहिती ग्रापंचायत कार्यालयात उपलब्ध आहे.

**ई- निविदा वेळापत्रक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई – निविदा प्रशिद्धी | दिनांक. 13/06/2023 |
| 2 | ई – निविदा दास्तावेज डाऊनलोड प्रारंभा | दिनांक. 13/06/2023 |
| 3 | ई – निविदा दास्तावेज डाऊनलोड समापती | दिनांक. 20/06/2023 साय. 3.05 वाजेपर्यंत |
| 4 | ई – निविदा दाखल करण्याची सुरवाती दिनांक | दिनांक. 13/06/2023 |
| 5 | ई – निविदा दाखल करण्याची अंतिम दिनांक | दिनांक. 20/06/2023 साय. 3.05 वाजेपर्यंत |
| 6 | ऑनलाईन ई – निविदा उघडण्याची दिनांक | दिनांक. 21/06/2023 साय. 5.00 वाजेपर्यंत ( शक्य झाल्यास ) |

ई-निविदेचा विस्तृत नमुना व निविदा सादर करण्याचा कालावधी पत्रक महाराष्ट्र शासनाच्या www.mahatenders.gov.inया संकेत स्थळावर उपलब्ध असुन विस्तृत माहिती ग्रामपंचायत कार्यालयात उपलब्ध आहे.

( ....स्वा..... ) **सरपंच** **ग्रामपंचायत खातिया**

( ....स्वा..... ) **ग्राविअ/ग्रामसेवक** **ग्रामपंचायत खातिया**



**ई-निविदा**
**ग्रामपंचायत कार्यालय अंभोरा**
**पंचायत समिती गोंदिया जि. प. गोंदिया**

निविदा क्रमांक -01 दिनांक 14/06/2023

ग्रामपंचायत कार्यालय अंभोरा पंचायत समिती गोंदिया, जि.प.गोंदिया कडून सन 2023-24 हया आर्थिक वर्षात ग्रामपंचायत अंतर्गत येणाऱ्या शासनाच्या विविध योजनेच्या बांधकाम व विविध कामाकरीता साहीत्य व सेवा पुरवठा करण्यासाठी पंजीकृत पुरवठा- धारक यांचे कडुन ई-निविदा व्दि लीफाफा पदधतीने ई-निविदाच्या अटी व शर्तीच्या अधिन राहून मागविण्यात येत आहेत. ई-निविदेचा विस्तृत नमुना व निविदा सादर करण्याचा कालावधी पत्रक महाराष्ट्र शासनाच्या www.mahatenders.gov.in या संकेत स्तळावर उपलब्ध असून विस्तुत माहिती ग्रापंचायत कार्यालयात उपलब्ध आहे.

**ई- निविदा वेळापत्रक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई – निविदा प्रशिद्धी | दिनांक. 14/06/2023 |
| 2 | ई – निविदा दास्तावेज डाऊनलोड प्रारंभा | दिनांक. 14/06/2023 |
| 3 | ई – निविदा दास्तावेज डाऊनलोड समापती | दिनांक. 20/06/2023 साय. 6 वाजेपर्यंत |
| 4 | ई – निविदा दाखल करण्याची सुरवाती दिनांक | दिनांक. 14/06/2023 |
| 5 | ई – निविदा दाखल करण्याची अंतिम दिनांक | दिनांक. 20/06/2023 साय. 6 वाजेपर्यंत |
| 6 | ऑनलाईन ई – निविदा उघडण्याची दिनांक | दिनांक. 21/06/2023 साय. 6.00 वाजे ( शक्य झाल्यास ) |

ई-निविदेचा विस्तृत नमुना व निविदा सादर करण्याचा कालावधी पत्रक महाराष्ट्र शासनाच्या www.mahatenders.gov.inया संकेत स्थळावर उपलब्ध असुन विस्तृत माहिती ग्रामपंचायत कार्यालयात उपलब्ध आहे.

( ....स्वा..... ) **सरपंच** **ग्रामपंचायत अंभोरा**

( ....स्वा..... ) **ग्राविअ/ग्रामसेवक** **ग्रामपंचायत अंभोरा**


# केंद्र सरकार की किसानो को सौगात खरीफ फसलों के न्यूनतम आधार मूल्य में वृद्धि केंद्रीय कैबिनेट का फैसला

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में खरीफ फसलों का न्यूनतम आधार मूल्य बढ़ाकर किसानों को बड़ी राहत दी है। इस अहम फैसले को मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी (सीसीईए) ने मंजूरी दी और इससे किसानों को फायदा होगा।




केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने विपणन सीजन 2023-24 के लिए सभी अनिवार्य खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है, जिससे अरहर दाल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 400 प्रति क्विंटल। साथ ही धान, मक्का और मूंगफली का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया गया है। इससे देश के किसानों को काफी फायदा होगा और नई फसल को अच्छी कीमत मिलने की संभावना है।

विपणन सीजन 2023-24 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणाओं के अनुरूप है, जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन की औसत लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर तय करने की घोषणा की गई थी। किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की दृष्टि से अखिल भारतीय अधिभार... बाजरा (82त्न) के मामले में किसानों को उनकी उत्पादन लागत पर अपेक्षित लाभ सबसे अधिक होने का अनुमान है, इसके बाद तूर (58त्न), सोयाबीन (52त्न) और उड़द (51त्न) का स्थान आता है। शेष फसलों के लिए, किसानों को अपनी उत्पादन लागत का कम से कम 50त्न अर्जित करने का अनुमान है।

हाल के वर्षों में, सरकार इन फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य देकर दलहन, तिलहन और पोषक-अनाज/खाद्य के अलावा अन्य फसलों की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को अपनी फसलों में विविधता लाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीआई), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) जैसी कई योजनाएं और पहल शुरू की हैं।

प्रेस सूचना ब्यूरो, भारत सरकार ने कहा कि 2022-23 के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 330.5 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष 2021-22 की तुलना में 14.9 मिलियन टन अधिक है।.

**प्रति फसल गारंटीकृत मूल्य में वृद्धि ( रु. प्रति क्विंटल )**

कॉटन मीडियम यार्न- पुराना रेट- 6080, नया रेट- 6620, वृद्धि- 540 कॉटन लॉन्ग यार्न- पुराना रेट- 6380, नया रेट- 7020, 640 बढ़ा

क सोयाबीन- पुराना भाव- 4300, नया भाव- 4600, 300 बढ़ा,कतूवर - पुराना रेट- 6600, नया रेट- 7000, बढ़ा कर 400,क मक्का- पुरानी दर - 1962, नई दर - 2090, 128 की वृद्धि, मूंग-पुराना भाव-7755,नया भाव-8558,बढ़ 803, उड़द - पुराना रेट - 6600, नया रेट - 6950, 350 बढ़ाएँक मूंगफली- पुराना भाव- 5850, नया भाव- 6377, बढ़ा कर 527, ज्वार हाईब्रिड - पुराना भाव - 2970, नया भाव - 3180, बढ़ा कर 210,क ज्वारी हायब्रीड- पुराना भाव- 2990, नया भाव- 3225, 235 बढ़ा,धान सामान्य ग्रेड- पुराना रेट- 2040, नया रेट- 2183, 143 बढ़ा धान ए ग्रेड-2060, नई दर- 2203, वृद्धि 143 की गयी।

# 5 दिनों से लापता व्यक्ति का गोरेगाव के जंगल मे मिला शव

**बुलंद गोंदिया।** गोरेगांव थाना अंतर्गत आने वाली नगर पंचायत के रेलटोली निवासी एक व्यक्ति 5 दिनो से घर से लापता था जिसका शव गोरेगांव-कटंगी जंगल क्षेत्र में पाया गया. घटना 9 जून को सामने आई. मृतक का नाम मनीराम दशरथ नेवारे (53) बताया गया है। इस संदर्भ में पुलिस की ओर से जानकारी दी गई कि गोरेगांव नगर पंचायत अंतर्गत रेलटोली क्षेत्र आता है. रेलटोली निवासी मनीराम नेवारे के परिजनो ने गोरेगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 जून से मनीराम नेवारे घर से लापता हो गया है। जिसकी तलाश परिसर तथा परिजनो के यहां की गई लेकिन कहीं पर भी उसका पता नहीं चल पाया। इसी तलाशी के दौरान गोरेगांव-कटंगी जंगल परिसर में सड़ी-गली अवस्था में दिखाई शव दिया। जानकारी मिलते ही परिजन तथा पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई मृतक की शिनाख्त मनीराम दशरथ नेवारे के नाम से की गई। मृतक की मृत्यु किस वजह से हुई इसकी जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। मृतक का पोस्टमार्टम गोरेगांव ग्रामीण अस्पताल में कर परिजनो को मृतक का शव सौप दिया गया व जांच पुलिस हवलदार शहारे कर रहे हैं।



# ऑपरेशन के पश्चात महिला की स्थिति बिगड़ी हुई मौत

## चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने दर्ज कराई शिकायत

**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता देवरी )**- देवरी के शासकीय उप जिला चिकित्सालय में देवरी तहसील के ग्राम शिरपुर निवासी शिल्पा हेमराज मेश्राम उम्र 41 वर्ष का बच्चेदानी का ऑपरेशन कर बच्चेदानी निकाली गई, किंतु ऑपरेशन में चिकित्सक द्वारा लापरवाही बरते जाने से महिला की स्थिति बिगड़ने के पश्चात उसकी मौत हो गई इस मामले में आक्रोशित परिजनों द्वारा चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए देवरी पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया।



प्राप्त जानकारी के अनुसारदेवरी तहसील के ग्राम सिरपुर निवासी महिला शिल्पा हेमराज मेश्राम उम्र 41 वर्ष को पेट में तकलीफ होने पर उसे देवरी के उपजिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया जहां 1 जून को शल्यक्रिया के पश्चात उसकी बच्चेदानी निकाल दी गई थी। किंतु ऑपरेशन के पश्चात शिल्पा की तबीयत बिगड़ने लगी वह स्थिति गंभीर होने पर 2 जून को उसे देवरी से आगे के उपचार के लिए गोंदिया के शासकीय मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया किंतु तब तक उसकी स्थिति काफी चिंताजनक हो गई थी। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों द्वारा उसे नागपुर के लिए रेफर किया गया लेकिन साथ में आए डॉक्टर आनंद गजभिए द्वारा शिल्पा की स्थिति बिगड़ती देखकर नागपुर ले जाने की सलाह के बावजूद उसे सहयोग हॉस्पिटल में इलाज के लिए सलाह देकर दाखिल करवाया तथा अपने पास से 1लाख भी शिल्पा के इलाज के लिए उसके पति को दिए किंतु इसके बावजूद भी उसकी स्थिति में सुधार ना होने पर सहयोग हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा भी हाथ खड़े कर उसे नागपुर ले जाने की सलाह दी। जिसके पश्चात 11 जून की शाम उसे नागपुर के लिए रवाना किया गया किंतु नागपुर ले जाते समय शाम 7.00 बजे के करीब मार्ग में ही कोहमारा के समीप शिल्पा ने दम तोड़ दिया जिसके पश्चात उसे वापस देवरी के शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां उपस्थित डॉक्टरों द्वारा जांच के पश्चात उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस मामले में शिल्पा के पति व परिजनों ने आरोप लगाया कि यदि चिकित्सक द्वारा लापरवाही नहीं बरती गई तो उपचार के लिए 1लाख क्यों दिए जिससे उस पर ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई इस प्रकार का संदेह व्यक्त कर आरोप लगाते हुए डॉक्टर के खिलाफ देवरी पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया।

# वीर क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोठनगांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बुलंद गोंदिया।** ९ जून को वीर क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर जिला स्तर से प्रत्येक तहसील में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए. तद्नुसार अर्जुनी मोरगांव तहसील के मौजा गांधारी में पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से जन जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोठानगांव की एक टीम ने भाग लिया। वर्तमान में सरकार ने विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों, गतिविधियों और योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाने निर्णय लिया है। जिला परिषद स्वास्थ्य विभाग की ओर से वीर क्रांतिसूर्य बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस के अवसर पर मौजा गांधारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोठानगांव में जन जागरूकता स्टाल लगाया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न जन योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई. प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, जननी शिशु सुरक्षा योजना, मानव विकास कार्यक्रम, नवसंजीवनी मातृत्व अनुदान योजना आदि की जानकारी दी गई तथा बैनरों के माध्यम से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरीक्षण एवं जनजागरूकता हेतु उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया. पुलिस विभाग के माध्यम से पुलिस उपनिरीक्षक प्रताप बगड़ सहित अन्य पुलिस कर्मियों, सशस्त्र दुर्क्षेत्र एवं आधार शिविर के पदाधिकारियों एवं पुलिस ने भाग लिया, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोठानगांव के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरती महिंद, स्वास्थ्य सहायक संतोष पारधी, स्वास्थ्य सेवक समीर सैयद, स्वास्थ्य नर्स प्रमिला रॉय, आशा सेवक अहिल्या इसकापे, आशा समूह की प्रमोटर रवीना टेंभुर्ने, ड्राइवर शशिकांत खेडेकर ने अहम भूमिका निभाई।



# केंद्रीय भूजल बोर्ड ने जिले की भूजल प्रबंधन योजना की प्रस्तुत

**बुलंद गोंदिया।** केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, मध्य क्षेत्र, नागपुर के वैज्ञानिक **डी** अभय निवसरकर ने जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे से भेंट कर गोंदिया जिले के भूजल मानचित्र एवं भू-जल प्रबंधन एवं योजना पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। गोंदिया जिले में पानी की उपलब्धता को लेकर क्या स्थिति है? साथ ही जिले में पानी की गुणवत्ता और किन क्षेत्रों में जल उपचार की आवश्यकता है, इस पर व्यापक चर्चा हुई।केन्द्रीय भूजल बोर्ड नागपुर के अधिकारी अभय निवसरकर द्वारा गोंदिया जिले में भूजल मानचित्र एवं भूजल प्रबंधन एवं योजना के संबंध में प्रस्तुत प्रतिवेदन जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और भविष्य में भी इसकी आवश्यकता पड़ेगी। इसलिए जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने जिले में पानी की



उपलब्धता के संबंध में भूजल संबंधित विभाग की व्यवस्थाओं को उसी के अनुसार योजना बनाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पाटिल, भूगर्भ सर्वेक्षण एवं विकास प्रणाली के वरिष्ठ भूवैज्ञानिक आशीष ब्रम्हणकर तथा मृदा एवं जल संरक्षण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनंत जगताप उपस्थित थे।

## प्रभाग 17 में मानसून पूर्व विशेष सफाई अभियान



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले प्रभाग 17 परिसर में मानसून पूर्व विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उल्लेखनीय है कि शहर में शुरू गटर योजना के चलते मार्गो का खोद काम किया गया था। जिससे मलबा व मट्टी नालियों में जमा हो गई थी साथ ही गर्मी के दौरान सूखा कचरा नालियों में जमा होने से सभी नालिया चौक हो गई वह बारिश के पानी की निकासी की समस्या निर्माण हो सकती थी। जिसे देखते हुए पूर्व पार्षद निर्मला मिश्रा द्वारा प्रभाग क्रमांक 17 में विशेष स्वच्छता अभियान मानसून पूर्व चलाया गया तथा क्षेत्र की सभी नालियों को साफ सफाई कर भारी मात्रा में कचरा हुआ मलमा निकाला गया। इस अभियान में नगर परिषद स्वच्छता विभाग के 12 सफाई कर्मियों को लगाया गया था भीषण गर्मी में स्वच्छता दूतों द्वारा कड़ी मेहनत किए जाने के पश्चात उनके लिए नाश्ता व ठंडे की व्यवस्था पूर्व पार्षद द्वारा की गई।

# विद्युत संबंधित विभिन्न परेशानियों को हल करने नागरिकों ने कार्यकारी अभियंता को दिया निवेदन

**बुलंद गोंदिया।** नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले प्रभाग 11 के क्षेत्र में विद्युत संबंधित अनेक समस्या आए दिन निर्माण हो रही है। जिसके निराकरण के लिए पूर्व पार्षद हेमलता पतेह के मार्गदर्शन में प्रभाग के प्रतिनिधि मंडल द्वारा कार्यकारी अभियंता को निवेदन देकर जल्द से जल्द हल करने की मांग की। निवेदन में मांग की गई है कि प्रभाग 11 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र सरस्वती कॉलोनी, परमात्मा एक नगर व अन्य क्षेत्रों में गत सप्ताह से वोल्टेज की समस्या निर्माण हो रही है। साथ ही उपरोक्त क्षेत्र में 3 फेस लाइन जल्द से जल्द उपलब्ध करवाएं जिसके लिए इसके पूर्व भी अनेकों बार मांग की गई किंतु महावितरण द्वारा इस और अनदेखी की गई है जिससे क्षेत्र के नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।उपरोक्त निवेदन एड. हेमलता पतेह के मार्गदर्शन में दिया गया तथा प्रतिनिधिमंडल में एस वी बैतूले, भीमसेन गौतम, प्रकाश नागपुरे, कृष्ण कुमार, विट्ठल मते, शशि कुमार पतेह सहित प्रभाग के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# 21 जून विश्व योग दिवस नगर योग उत्सव समिती गोंदिया की समीक्षा सभा संपन्न

**बुलंद गोंदिया।** 21 जुन 2023 को विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य् मे गोंदिया मे कार्यक्रम के पुर्व तैयारी, विस्तृत नियोजन तथा रूपरेखा तैयार हेतू नगर योग उत्सव समिती गोंदिया की विशेष सभा 11 जुन 2023 को इंदिरा गांधी स्टेडीयम मे संपन्न हुई। इस बैठक मे आरोग्य भारती, आर्ट ऑफ लिवींग, अखिल विश्व गायत्री परिवार, ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पतंजलि योग समिती, रामकृष्ण सत्संग मिशन, योग मित्र मंडल, नगर विधानसभा ग्रुप, गोजूरूयू गोकोई कराटे डो स्पोर्टस असोशिएशन, गेम्स् स्पोर्टस एंड कॅरीयर डेवलपमेंट फाऊंडेशन, इत्यादी सामाजिक संगठन के प्रतिनिधी उपस्थित थे। नगर योग उत्सव समिती मे प्रति वर्ष विविध सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल संगठन तथा जिले के सभी केंद्रशासन तथा राज्य शासन के कार्यालय जिसमे मुख्यत: जिल्हाधिकारी कार्यालय, जिला पुलिस प्रशासन, जिला परिषद प्रशासन, नगर परिषद प्रशासन, विद्यालय एव महाविद्यालय आदी विश्व योग दिवस के भव्य कार्यक्रम सम्मिलीत होते है. इस वर्ष भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू शहर के तथा समीप के ग्रामीण क्षेत्र के सभी नागरिकगण, सामाजिक संस्थाए, सभी जाती एव धर्म के सामाजिक संगठन सम्मिलीत होकर राष्टीय एकता एव एकात्मता के प्रतीक इस कार्यक्रम सफल बनाने मे महत्वपुर्ण योगदान करे, ऐसा आवाहन नगर योग उत्सव समिती द्वारा किया गया है। रक्तदान यह राष्टीय एवं मानवतावादी सामाजिक कार्य है. इस बात को मध्यनजर रखते हुए विश्व योग दिन कार्यक्रम समाप्ति पश्चात रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है. विशेषज्ञ की देखरेख में रक्तदान सुरु किया जाएगा. इस पुण्य कार्य मे ज्यादा से ज्यादा योग साधक एंव नागरिक ने सहभाग लेकर रक्तदान कर सामाजिक सहयोग प्रदान करे ऐसी अपील की गई है। इस सभा मे समिती अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, सचिव डॉ.प्रशांत कटरे, जय चौरसिया, कोषाध्यक्ष संतोष मुनेश्वर तथा गोविंद येडे, डॉ.मंगेश सोनवाने, डॉ.गिरीश पुरी, कॅप्टन महेश पाण्डेय, विजय अग्रवाल, नागेश गौतम, दलजितसिंह बग्गा, प्रशांत बोरकर, शिवम खंडेलवाल, नितीन जिंदल, आदेश शर्मा, सुरज नशिने, अनिल भागचंदानी, पंकज चौधरी, राजीव ठकरेले, प्रविणकुमार चौधरी, विपीनकुमार बैस, रामदयाल तुरकर, विजय बोपचे, राजकुमार गुप्ता, दिपक सिक्का, भुपेश बडवाईक एव महिला प्रतिनिधी श्रीमती शुभा भारद्वाज, निलीमा सोलंकी, महिमा मिश्रा, मनिषा पशिने उपस्थित थे।



# पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले की उपस्थिति में कार्यकर्ता सभा का आयोजन संपन्न

## अर्जुनी-मोरगांव विधानसभा में सैकड़ों नागरिक भारतीय जनता पार्टी में हुए शामिल

**बुलंद गोंदिया। ( अर्जुनी मोरगांव )**- अर्जुनी-मोरगांव तहसील के गोठानगांव में पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले की उपस्थिति में कार्यकर्ता सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले ने मोदी सरकार और राज्य सरकार के माध्यम से बड़ी राशि उपलब्ध कराकर गांव में विकास कार्यों को शुरू करने का संकल्प लिया है और शेष कार्यों को भी आने वाले वर्षों में चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा. साथ ही गांव में कुछ विकास कार्यों के लिए राशि उपलब्ध कराने की मांग की गई और विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से शीघ्र ही राशि उपलब्ध कराने का वादा किया गया।



पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले के नेतृत्व में विश्वास करते हुए, कई लोग सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए, जिनमें मिथुन टेंभुर्ने, वैभव बनपुरकर, यमराज कुंवर, अनिल सोनवने, राकेश कावळे, अमित राऊत, सुमेध धाकडे, महेश तिरपुडे, रामू शिवनकर, डिकेस वाघमारे, नागेश्वर इंदुरकर, विकास गडपाल, सरोज मेंढे, राकेश चांदेवार, अफरोज शेख, नेपाल गेडाम, मंगेश बावणे, रवींद्र कुंभरे, मुनेश्वर हटकर, आनंदराव शिलार, अशोक गायकवाड, प्रमोद डोंगरवार, चैतराम शिलार, तेजराम नाईक, राजेंद्र सलामे, मुकेश मलगाम, सोमेश्वर डोंगरवार, वीरेंद्र कोडापे, नेमीचंद शहारे, विश्वनाथ डोंगरवार, बिलाल सय्यद, राजकुमार काळसर्पे, नितेश कुंभरे, पंकज भोगारे, सरिता महाजन, आशा कावळे, चंदाबाई गायकवाड, सविता भोगारे, अंतकला कुंभरे, सुमित्रा गोटे, दुर्गा शेंदरे, वंदना सलामे, दीपिका मडावी, कुमूद शहारे, अर्चना काटेंगे, शुशीला मडावी, निर्मला शेंदरे और कई कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए ।इस मौके पर पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले ने सभी का भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. उन्होंने पार्टी की स्थिति के अनुसार कार्य करने का भी निर्देश दिया। पूर्व मंत्री बडोले ने कहा कि अर्जुनी मोर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए काफी राशि उपलब्ध कराई गई है और कार्यकर्ताओं ने इसलिए प्रवेश किया क्योंकि वे विकास के मुद्दे से प्रभावित थे और आश्वस्त थे कि गांव का विकास इससे हो सकता है. उनके अपने साधन।

इस अवसर पर भाजपा जिला महासचिव व जिला परिषद गट नेता लाइकराम भेंडारकर, भाजपा तहसील अध्यक्ष विजय कापगते, लक्ष्मीकांत धानगाये, भोजराज लोगडे, पंचायत समिति उपसभापती शालिंदर कापगते, रामलाल मुंगणकर, खोकन सरकार, राजहंस ढोके, संजय मिर्धा , रामु कुंभरे , सुदामजी कोवे , तारक राय, भिवाजी मलगाम, हरीचंद देवारी, कमल मिरी, नव्हाजी राणे, सिगुजी कोवे, सहाराम औरसे, नरेश कोडापे, पिंकू चांदेवार, संतोष राठी, नरेंद्र कोडापे, सदाराम औरासे, प्रेम किरसान, संतोष गावळे, हितेस्वर काटेंगे, विश्वनाथ राऊत, अनिल इलपाते ईश्वर राजाने, महेश राठी, राजू इस्वार, योगिता हटवार सविता भोगरे, जिजाबाई चंदेवार आदि सहित कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता, नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# दिव्यांगों को प्रशिक्षण देने के लिए मंगवाए गए आवेदन

**गोंदिया**-दिव्यांग कल्याण आयुक्तालय, महाराष्ट्र राज्य पुणे के माध्यम से शासन मान्यता प्राप्त तुलजाभवानी अपंग प्रशिक्षण केंद्र देगलुर संस्था में महाराष्ट्र राज्य व्यवस्थापन शिक्षा व परीक्षा मंडल मुंबई के माध्यम से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम के लिए 18 से 40 वर्ष आयु समूह के विकलांग, मूकबधिर, मतिमंद युवक-युवतियों को प्रवेश दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण केंद्र में सिलाई क्लास, कम्प्यूटर अकाउंटिंग व ऑफिस ऑटोमेशन व वेल्डर कम फैब्रिकेटर आदि पाठ्यक्रमों को प्रवेश दिया जा रहा है। सभी के निवास व भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क की गई है।

इच्छुक उम्मीदवार 5 जुलाई तक प्राचार्य, तुलजा भवानी अपंग प्रशिक्षण केंद्र देगलुर जिला नांदेड़ में पत्र व्यवहार करें अथवा प्रत्यक्ष भेंट दें। ऐसी जानकारी कर्मशाला अधीक्षक तुलजा भवानी अपंग प्रशिक्षण केंद्र देगलुर ने दी है।

# चंदन के पेड़ों की कटाई कर चोरी करते सीसीटीव्ही में कैद

**बुलंद गोंदिया।** घने जंगलों से बेशकीमती चंदन के पेडों की कटाई कर उसकी तस्करी कैसे की जाती है ये पुष्पा फ़िल्म में आप देख ही चुके होंगे। पर लगता है इस फ़िल्म से कुछ लोग अधिक प्रभावित होकर चंदन चोरी का व्यापार करने की जुगत लगा रहे है। हाल ही में गोंदिया शहर के दो थाना क्षेत्र में तीन घरों से सफेद चंदन के पेड़ों की कटाई कर उसे चोरी करते हुए कुछ लोग सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गए है। शहर के रामनगर थाना अंतर्गत पुनाटोली क्षेत्र में दो जगह एवं शहर थाना अंतर्गत गणेश नगर में एक जगह सफेद चंदन के लगाए गए पेड़ो की चोरी हुई है। जिले में पहलीबार घटी इस घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज की गई है। बेशकीमती चंदन की चोरी की घटनाएं ये जिले में पहली बार होने से ऐसा लगता है कि जिले में ये पुष्पा गैंग सक्रिय हो गई है। जो चंदन के पेड़ों की कटाई कर पुष्पा बनने के फिराक में है। बहरहाल गोंदिया के सक्रिय पुलिस विभाग के लिए ये नया मामला है जो अब इस पुष्पा गैंग को पकड़ने पर कार्य करेगा।



# निलज में ट्रैक्टर-मालवाहक की टक्कर

**गोंदिया**- गोंदिया तहसील के ग्राम निलज-हुटकाटोला में 13 जून की रात में ट्रैक्टर व मालवाहक की टक्कर हो गई. जिसमें ट्रैक्टर के तुकडे-तुकडे हो गए. मध्यप्रदेश वाराशिवनी (बोटे) निवासी अपने ट्रैक्टर को गोंदिया सुधारने लाए थे व गोंदिया से वाराशिवनी जा रहा था. इस दौरान पांढराबोडी निवासी मालवाहक से दासगांव आ रहे था. इस बीच निलज हुटकाटोला में दोनों की जोरदार टक्कर हो गई. जिसमें ट्रैक्टर के तुकड़े तुकड़े हो गए. ट्रैक्टर चालक, मालवाहक चालक व अन्य एक घायल होने की जानकारी मिली है. रावणवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया है.



स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।